सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 120 | इंदौर, सोमवार 06 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Turkey: जिस एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों का ठिकाना, वहां फलस्तीन समर्थकों ने बोला धावा, पुलिस से भिड़े उपद्रवी
2. यूपी : पश्चिम से पूरब तक हवा में घुल रहा जहर, कई शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक श्रेणी में
3. POLL: चुनाव से सालभर पहले ही पांच मुख्य राज्यों में बाइडन से आगे ट्रंप, राष्ट्रपति की टीम बोली- बदलेंगे समीकरण

चुनावी चर्चा

DGR@ एल.एन. उग्र

### सत्तू पटेल का दावा...

## 1100 की हार को 25000 वोट से जीत में बदलने का है लक्ष्य मेरा...!



यह कहना है.. इंदौर के छेत्र 5 के कांग्रेस के प्रत्याशी... श्री सत्यनारायण जी पटेल साहब का...कल के चुनाव संपर्क के दौरान...कुछ समय साथ में बिताया.. लगा तो क्यों यूं था कि... जनता का प्रेम स्नेह... सत्यनारायण पटेल के साथ देखने को मिला...वह अद्भुत था... उसके पीछे जहां तक मैं समझता हूं...उनकी पिछले 5 सालों में... क्षेत्र में जीवंत उपलब्धि... और संपर्क का प्रभाव दिखाई दे रहा था... हर कोई एक परिचित से जैसे मिलते हैं... वैसे मिल रहे थे... पूरी आत्मीयता से...श्री पटेल भी पुरी लगन और मन से... मतदाताओं से मिल रहे थे... जैसे वह परिवार के सदस्य हो...वैसे भी सत्तू पटेल के बारे में... आम धारणा यह है कि... वह हमेशा मुस्कुराकर ही मिलते हैं... फिर चर्चा में हमने पूछा कि...'वह जीत के प्रति कितना उम्मीद रखते हैं...?' कहने लगे 'यह सवाल तो जनता चुनाव के वक्त... वोट डालते समय ही देगी.. ' मैंने कहा 'आपके सामने वजनदार नेता है.. वह 20 साल के विधायक हैं...' तो कहने लगे...'अब इस पर मैं सिर्फ यही कहूंगा कि... परिणाम जो आएगा वही मेरा जवाब होगा... और जीत तय है...' मैंने कहा' आपके क्षेत्र में जहां में भी रहता हूं...समस्याएं आप मानते हैं कि है...' तो कहा 'हां पिछले समय निष्क्रियता के कारण... क्षेत्र पांच में समस्याएं लगातार बड़ी है... ' ! 'क्या इसे आप हल करेंगे...' ' बराबर समस्याओं को कम ही नहीं करूंगा...समाप्त करने का भी लक्ष्य है...6 माह में अवैध कॉलोनी को वैध करने का.. मेरा लक्ष्य है... अभी तक कॉलोनी को वैध करने की दिशा में...काम नहीं किया गया है... अब शीघ्र ही इस पर कार्य किया जाएगा...!



मेरा यह भी मानना है ...कि क्षेत्र 5 पूरे इंदौर में सबसे बड़ा... सबसे अधिक मतदाताओं वाला... तथा बड़ी समस्याओं वाला क्षेत्र है... यहां का प्रतिनिधित्व लगभग...20 वर्षों से भाजपा के हाथों में रहा है...बहुत पहले सत्तू पटेल जी ने यहां से नेतृत्व किया है... जिस पर वे कहते हैं...' पार्टी ने देपालपुर जाने को कहा... वहाँ सेवा की... फिर कम समय में...क्षेत्र 5 का टिकट दिया... जो सिर्फ लगभग 1100 वोटो से हार गया...' !

लेकिन 5 सालों का सतत संपर्क... शिव पुराण या अन्य माध्यमों से रहा है... उसके आधार पर वे जीत सुनिश्चितमान रहे हैं... टिकट के निर्णय में मेरा ऐसा मानना है कि... गांधी परिवार की नजदीकी भी... महत्वपूर्ण रही है... अब देखना है एक ताकतवर व स्थापित नेता से... सामना करना और जीत का परिणाम क्या होता है...परंतु श्री सत्तू पटेल जीत के प्रति...बेहद आश्वस्त हैं...

शेष फिर...

### पीएम के आने से

# नए कलेवर में दिख रही भाजपा

## ◆रतलाम और खंडवा में मोदी ने दी संजीवनी, कठिनाई से निकली भाजपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम/खंडवा।** जैसे - जैसे विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। कुछ सीटों पर कांग्रेस मजबूत दिखाई दे रही है तो कहीं भाजपा और और कहीं निर्दलीय उम्मीदारों के जीतने उम्मीद है। सभी दलों ने अपने-अपने प्रमुख नेताओं को चुनाव प्रचार में उतार दिया है। इसी कड़ी में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम और खंडवा में दो सभाएं की। तो वहीं कांग्रेस प्रियंका गांधी वडेर की आज इंदौर सहित दो स्थानों पर सभाएं करा रही है। पीएम की दो सभाओं के बाद भाजपा नए कलेवर में दिख रही है। एक तरह से देखा जाए तो पीएम मोदी ने भाजपा को संजीवनी देते हुए कठिनाई से निकाल दिया है।

पीएम ने सभा में उमड़ती भीड़ ने क्षेत्र के भाजपा नेताओं को आत्मविश्वास का बूस्टर डोज तो दिया ही, दोनों स्थलों पर महिलाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने इस पर भी मुहर लगा दी कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 'लाड़ली बहना' मंत्र कारगर हो रहा है।

खंडवा शहर से करीब 15 किमी दूर छैगांव माखन में बने विशाल सभास्थल में तय समय से दो घंटे पहले ज्यादातर कुर्सियां भर चुकी थीं। मंच संचालक कुछ कहने के लिए पोडियम पर पहुंचते वैसे ही मोदी-मोदी के उद्घोष से पूरा सभा स्थल गूंजने लगता।

बैरिकेडिंग कर बनाए गए अलग-अलग हिस्सों में लगभग सभी जगह अग्रिम पंक्तियों में महिलाएं नजर आ रही थीं। मंच पर मौजूद 12 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के साथ ही क्षेत्रीय सांसद की मौजूदगी और संबोधनों के बीच जैसे-जैसे प्रधानमंत्री मोदी के सभा स्थल पर पहुंचने का समय नजदीक आ रहा था, लोगों की नजरें बार-बार सभास्थल के पास बने हेलीपेड की और उठ रही थीं।

हेलीकाप्टरों की गडग़ड़ाहट सुनाई देते ही तालियों की गूंज भी शुरू हो गई। ...और कुछ ही मिनटों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंच पर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। न स्वागत की बहुत औपचारिकताएं थीं और न ही मंचसीन अन्य अतिथियों के भाषण।

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने स्वागत भाषण में कुछ शब्द कहे और मंच मोदीजी के हवाले कर दिया। आमतौर पर मोदी अपने संबोधनों में विकास योजनाओं का विस्तृत खाका खींचते हैं और नए भारत को गढऩे की तस्वीर जन से साझा करते हैं, लेकिन छैगांवमाखन की इस सभा में उनका संबोधन कुछ अलग था।



इस बार विकास का मंत्र नहीं था, बल्कि विपक्ष पर तीखे शब्दबाण थे। कांग्रेस शासन के दौरान मध्य प्रदेश की खस्ता हालत से अपनी बात शुरू कर प्रधानमंत्री ने राजस्थान और कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के नेताओं के बीच हो रही लड़ाई और केंद्र की पिछली कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा।

इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने बातों-बातों में युवाओं को अपने भविष्य के लिए सतर्क रहने और कांग्रेस की पुरानी सरकारों के अनुभव अपने बुजुर्गों से जानने की सलाह दी तो लोगों को विकास योजनाओं के लिए भाजपा सरकार की अहमियत भी बताई। भगवान ओंकारेश्वर की नगरी में आदिगुरु शंकराचार्य के तप को याद करते हुए उनके द्वारा भारत को जोडऩे के प्रयासों की बात कही तो साथ ही कांग्रेस के देश को तोडऩे के प्रयासों से लोगों को सतर्क रहने की सीख भी दे डाली।

खंडवा में नल-जल योजना का जिक्र तो किया, लेकिन वहां भी कांग्रेस शासन द्वारा जनजातियों के लिए कुछ नहीं करने और भाजपा सरकार द्वारा उनके लिए 15 हजार करोड़ खर्च करना याद दिला दिया। इसी दौरान गुजरात में अपने मुख्यमंत्रित्व काल को याद करते हुए वहां भी कांग्रेस शासन के समय मुख्यमंत्री के गांव में भी काम नहीं होने का किस्सा भी सुनाया।

अपने संबोधन में बगैर गांधी परिवार का नाम लिया, प्रधानमंत्री ने दिल्ली दरबार के दरबारियों को भी आड़े हाथों ले लिया और टीवी डिबेट में दिनभर समीक्षा करने वालों को मैदान में आकर जनसमुदाय को देखने और फिर राय कायम करने का मशविरा भी दिया।

संबोधन के अर्थ और विमर्श से इतर मंच पर मौजूद प्रत्याशी इसी से प्रसन्न थे कि प्रधानमंत्री के साथ मंच तो साझा किया ही चुनावी सभा में अपनी बात कहने के लिए पहली बार इतना जनसमुदाय भी सामने मिला।

# कबाड़ बेचने से रोकने के लिए निगम रख रहा खास नजर

◆ नगर निगम के कर्मचारी कबाड़ी को बेच रहे घरों से निकला कबाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों के कर्मचारियों की एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। आमजन तो दीपावली की सफाई में घरों से निकले कबाड़ को यह सोचकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनकर्मियों को सौंप रहे हैं कि वे इसे कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंचा देंगे। बाद में यह कबाड़ा कचरा ट्रांसफर स्टेशन से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच जाएगा और इसका लाभ इंदौर नगर निगम को मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनकर्मी लोगों के घरों से निकली अनुपयोगी वस्तुओं और कबाड़ को कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंचाने के बजाय कबाड़ी की दुकान पर बेचकर अवैध कमाई कर रहे हैं। लगातार ऐसी शिकायतें मिलने के बाद निगमायुक्त ने उडनदस्ते की तैनाती कर दी ताकि ऐसी गड़बड़ी पर रोक लग सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हाल ही में उडनदस्ते ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन से कचरा खरीदने वाले कबाड़ी के खिलाफ तो कार्रवाई करते हुए स्पाट फाइन कर दिया।

## रोटरी क्लब, मेघदूत और चैरिटेबल सोसायटी का कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व्यावसायिक मार्गदर्शन, सिलाई-कढ़ाई कौशल विकास जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए बालिकाओं को कबीटखेड़ी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजन समाज सेविका लायन एवं रोटेरियन स्व. साधना सिंह की स्मृति में स्थापित साधना कला निकेतन में किया गया। संचालन लायंस क्लब ऑफ इंदौर सनशाइन, रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत व श्रीकंचेश्वर एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसी शृंखला में रविवार को प्रशिक्षण केंद्र में गरीब तबके की 10 बालिकाओं को मेंहदी का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन बालिकाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रशिक्षक कोमल धारिया ने बताया कि इन बालिकाओं को मेंहदी के साथ सिलाई और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। भविष्य में इन्हें रोजगार मिल सकेगा।जिससे बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इस केंद्र की संचालक रोटेरियन/लायन आश्मा मल्होत्रा ने बताया कि जल्द ही सिलाई के साथ ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री कंचेश्वर एजुकेशनल सोसाइटी की बाली सागले ने भी इन बालिकाओं को रोजगार संबंधित प्रशिक्षण पर अधिक जोर दिया।

### इंदौर में बोले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ...

# सरकार महंगा प्याज खरीदकर सस्ते दामों में दे रही, ये 76 साल में पहली बार हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल रविवार को इंदौर आए। वे मीडिया से रुबरू हुए और मीडिया दिग्दर्शिका पुस्तक का विमोचन किया। इंदौर के अभय प्रशाल स्थित बीजेपी के मीडिया सेंटर में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मप्र में भाजपा की बड़ी जीत निश्चित है। डबल इंजन सरकार मप्र में फिर से बनेगी। मैंने आज सुबह इंदौर की सीटों की स्टडी की है। यहां पिछली बार हमारी पांच सीटें थीं। इस बार पूरे संभाग में भाजपा क्लीन स्वीप कर रही हैं।




प्याज के बढ़े हुए दाम को लेकर कहा प्याज का हर वर्ष एक सीजन होता है। अक्टूबर-नवंबर में प्याज आने लगते हैं लेकिन इस साल बारिश के कारण लेट खरीदी हुई इससे प्याज समय पर नहीं पहुंची। भारत के 76 साल के इतिहास में पहली बार केंद्र सरकार ने किसानों से महंगी प्याज खरीदकर सस्ते दामों पर खुदरा मार्केट में 25 में उपलब्ध कराया है। इसका भार खुद सरकार ने अपने ऊपर लिया है। सरकार दो लाख टन का बफर स्टॉक रखती थी। अब अनिश्चित मानसून को ध्यान में रखते हुए बफर स्टॉक को बढ़ाकर 5 लाख टन कर दिया गया है।

18 सालों में प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर विकासशील राज्य बना है। आने वाले अमृतकाल में देश एक विकसित देश बनेगा जिसमें मध्य प्रदेश उसका एक अहम राज्य होगा। इंदौर शहर की एक विशेष पहचान है। इंदौर उद्योग ही नहीं आस्था का भी स्तंभ है। मध्य प्रदेश में महाकाल लोक का निर्माण सिर्फ मंदिर नहीं इससे प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। वंदे भारत से कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है।

# दीवाली पर शहरभर के 10 कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर व्यवस्था

◆ मिनटों में खाली हो रही हैं कचरे से भरी गाड़ियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दिवाली पर्व के चलते घरों में साफ- सफाई के बाद कचरे की मात्रा बढने के चलते निगम द्वारा शहरभर के 10 कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर इस बार व्यवस्थाएं चाकचौबंद की गई है, ताकि हल्ला गाडियां वहां ज्यादा देर ना रुके। कुछ मिनटों में वहां गाड़ी खाली हो जाती है और फिर उन्हें वार्डों में रवाना कर दिया जाता है। ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजने के लिए डंपर लगाए गए हैं। शहर में ट्रेंचिंग ग्राउंड तक कचरा फेंकने के लिए नगर निगम द्वारा हल्ला गाडियों के लिए अलग-अलग झोन के तहत दस कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाए गए हैं, जहां हल्ला गाडियां कचरा खाली करने के लिए पहुंचती हैं। सुबह 6 बजे से गाडियां झोनों पर पहुंच जाती हैं और 7 बजे तक वार्डों में कचरा संग्रहण का काम शुरू हो जाता है। कचरे से भरी गाडियां सुबह से लेकर शाम तक कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर पहुंच रही हैं।

नगर निगम के अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन और कार्यपालन यंत्री अनूप गोयल ने सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर इस बार खास तैयारियां कराई थीं, ताकि हल्ला गाडियों को वहां ज्यादा देर नहीं रोकना पड़े। वार्डों से कचरा लेकर आने वाली हल्ला गाडियों को खाली करने के लिए अतिरिक्त टीमों के साथ-साथ पोकलेन, जेसीबी भी लगाई गई हैं, साथ ही ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजने के लिए अतिरिक्त डंपर और ट्रैक्टर ट्रालियां लगाई गई हैं।

## विशाल रंगोली बनाकर उसे 5 हजार दीपों से सजाया गया

इंदौर। आगामी चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ द्वारा जिला प्रशासन इंदौर के साथ मिल कर मतदान हेतु जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रविवार को राजबाड़ा में एक अद्भुत अभियान आयोजित किया गया। जिसमे चार हजार वर्ग फिट की रंगोली के माध्यम से मध्यप्रदेश का नक्शा बनाया गया। जिसे 5 हजार दीपो से ब्लाइंड बच्चों और अन्य एनजीओ के कार्यकतार्ओं द्वारा सजाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलवाया गया। सभी उपस्थित नागरिकों ने मध्यप्रदेश के नक्शे के पास खड़े होकर मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम में रंगोली आर्टिस्ट वर्षा चौरसिया थी।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## विद्यार्थियों ने बनाया चुनाव क्लब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आईएमएस में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने मतदाताओं विशेष कर युवाओं को जागरूक करने के लिए एक चुनाव क्लब का गठन किया है। एनएसएस के स्वयंसेवक इस क्लब में शामिल हुए। क्लब की पहली बैठक में उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के बारे में जानकारी दी गई और मतदाताओं विशेष कर विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चर्चा की गई। बताया गया कि चुनाव क्लब के स्वयंसेवक छात्रों के बीच मतदान के संबंध में जागरूकता अभियान चलाएंगे। उनमें से कुछ ने एक समूह बनाया और चुनाव जागरूकता अभियान के बारे में कुछ नारे सुझाए। इसी तरह मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आर्य समाज मंदिर महू में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु संकल्प पत्र भरे गए। उन्होंने शपथ ली कि हम मतदान करेंगे एवं अन्य नागरिकों को भी मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करेंगे। इसमें 14 सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फिर आए डेंगू के 5 मरीज

◆ नवंबर के पहले सप्ताह में 31+

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवम्बर के शुरूआती दिनों में मौसम सर्दी के अनुकूल नहीं है। हवा का रुख अभी 14-15 किमी प्रति घंटा है लेकिन दिनभर धूप रहने से अभी ठण्ड नहीं है। रात को जरूर हल्की ठण्ड का अहसास है लेकिन तापमान सामान्य से एक-दो दो डिग्री ज्यादा ही रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 7 अक्टूबर से नया पश्चिम विक्षोभ एक्टिव हो रहा है जिससे अगले दो-तीन दिनों तक रात के तापमान में कोई खास गिरावट नहीं होगी। ऐसे में लोग रविवार को पुष्य नक्षत्र पर भी ठण्ड से राहत पा सकेंगे।**



हर बार अक्टूबर में दस्तक देने वाली ठण्ड के तेवर इस बार फीके ही रहे और पूरे माह गर्मी का अहसास होता रहा। कुछ ऐसी ही स्थिति नवम्बर के पहले हफ्ते में बनी हुई है। इन दिनों दिन का तापमान सामान्य है जबकि रात का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा है। शनिवार का भी दिन सामान्य रहा और रात 9 बजे तक मौसम ऐसा ही था। इसके बाद मौसम में हल्की ठण्डक घुली लेकिन रात का तापमान सामान्य से ज्यादा ही रहा।

उधर, इस हफ्ते डेंगू के 16 मरीज मिले थे। शुक्रवार को जहां एक भी मरीज नहीं मिला वहीं शनिवार तो 5 नए मरीज मिले। इस तरह हफ्ते अब 21 नए मरीज मिले हैं। इन सभी की हालत अच्छी है तथा घर पर ही उनका इलाज चल रहा है। दूसरी ओर सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की स्थिति अभी सामान्य दिनों की तरह है। दरअसल, अभी कड़ाके की सर्दी नहीं है जिसके चलते क्लिनिक, सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या कम है।

# वोट के लिए महिलाओं ने लिया पिंक वोटेथॉन में भाग

## कलेक्टर भी पत्नी के साथ हुए शामिल, महिलाओं को दिलाई मतदान की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधानसभा चुनाव 2023 में स्वीप प्लान के तहत मतदान के लिए जागरूकता लाने के अभियान वार्ड स्तर के साथ ही शहर स्तर पर भी चलाए जा रहे हैं। हर काम में अव्वल रहने वाले इंदौर के मतदाताओं से भी अपील की जा रही है कि मतदान में भी इंदौर जिले को नंबर वन बनाने के लिए सहभागिता दें। इसके लिए आज सुबह नेहरू स्टेडियम से डेली कॉलेज तक एक ह्यपिंक वोटेथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें इंदौर की विभिन्न महिलाओं के ग्रुप से जुड़ी महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया।**



हल्की ठंड में जुम्बा के बाद कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी और निगमायुक्त ने सभी उपस्थित महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई, जिसके बाद फ्लैग ऑफ कर पिंक वोटेथॉन को रवाना किया गया। इसमें करीब 300 महिलाएं शामिल हुईं। ये वोटेथॉन नेहरू स्टेडियम से डेली कॉलेज तक गई और वापस नेहरू स्टेडियम लौटी। इस अवसर पर अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी और निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता को देखते हुए स्वीप प्लान के तहत शहर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। आज शाम मतदाताओं से अपील करने के लिए राजबाड़ा पर दिव्यांग बालिकाएं रंगोली भी बनाएंगी। वार्ड स्तर पर भी कई अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों के साथ ही नुक्कड़ नाटक भी किए जा रहे हैं।

### बालिकाओं ने किया नृत्य

पिंक वोटेथॉन से पहले नाद नमन संस्था की बालिकाओं ने वोट की अपील के लिए नृत्य की प्रस्तुति भी दी। पिंक वोटेथॉन में शहर के विभिन्न महिला संगठन, स्कूल, कॉलेज, इंस्टिट्यूट और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं की महिलाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा शिवाजी वाटिका चौराहे से जायन्ट्स ग्रुप आफ इंदौर के तत्वावधान में एक साइकिल रैली का आयोजन भी हुआ, जो इंदौर नगर निगम सीमा से बीस किलोमीटर आगे तक गई, जिसमें कलेक्टर भी शामिल हुए।

### चला सेल्फी का दौर

इस वोटेथॉन में महिलाओं और युवतियों का उत्साह तो देखते ही बन रहा था कि हर कोई कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी और निगमायुक्त हर्षिका सिंह के साथ सेल्फी लेना चाहता था। कई महिलाओं और युवतियों ने दोनों अधिकारियों के साथ सेल्फी तो ली। कई ने ग्रुप फोटो लेकर भी इस पल को यादगार बनाया। इस मौके पर कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी की पत्नी भी शामिल हुईं।

# सफाई कर्मचारियों को शॉल-श्रीफल और फूलमाला पहनाकर किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। न्यू रानी बाग और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का कार्यक्रम लिंबोदी क्षेत्र में आयोजित किया गया। इसमें 32 सफाईकर्मियों का सम्मान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डीसीपी (ट्रैफिक) के मनीष अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश गुप्ता ने की। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी रवि डांगी और डॉ. राकेश पांडेय भी शामिल हुए। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि बढ़ते हुए ट्रैफिक के साथ वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या भी चिंताजनक है। हमें कोशिश करना चाहिए कि कम से कम चार पहिए वाहन का प्रयोग करें। साथ ही रमेश गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर व्यक्ति को एक पौधा गोद लेना पड़ेगा। पौधे की परवारिश एक इंसान की तरह करना होगी। रवि डांगी ने कहा की खंडवा रोड पर काटे गए हजारों पेड़ो के स्थान पर हमें फिर से खंडवा रोड को हरा-भरा बनाए रखने के लिए मुहिम चलाना पड़ेगी। इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया।

# 17 को मनाएंगे वोटिंग त्योहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परवार समाज महिला संगठन 17 नवंबर को वोटिंग का त्योहार मनाएंगी। इसके लिए समाज में एक अभियान चलाया जा रहा है। संगठन की महिलाएं राष्ट्रहित के लिए बड़ों से मनुहार और महिलाओं को प्रदेश हित के लिए मतदान करने को जागरूक कर रही हैं। महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन ने बताया कि जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान में समाज के हर वर्ग की उत्साह पूर्ण भागीदारी मिल रही है। मतदाताओं को जागरूक करने में युवा, महिला, बुजुर्ग मतदाता भी शामिल है, वहीं दूसरी और महिला संगठन ने भी बड़ों को मतदान करने के लिए मनुहार कर रहे हैं। शहर में आज एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। संगठन की सखी सहेलियों एकत्रित हुईं और उन्होंने जनता से मनुहार की कि वे मतदान दिवस 17 नवंबर को वोटिंग करके त्योहार मनाएं। इस अवसर पर संगठन की सचिव सारिका जैन ने सभी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करने को कहा।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी ने कहा-

# हम धार्मिक लेकिन राजनीतिक लाभ नहीं लेते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राम जन्मभूमि के ताले राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते खोले गए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने कहा कि कांग्रेस धर्म को राजनीति में प्रचार का विषय नहीं बनाती। राम मंदिर को चुनाव में भाजपा द्वारा प्रचार का विषय बनाने पर कांग्रेस नेता ने यह बात कही। क्या कांग्रेस को राम मंदिर का मुद्दे से चुनाव में नुकसान होगा इस पर उन्होंने कहा कि भगवान राम का मंदिर बने यह इच्छा कांग्रेस भी रही। हमारा मत था कि उभय पक्ष से सामंजस्य से हल निकाला जाये या कोर्ट का निर्देश हो। जब कोर्ट ने फैसला सुनाया तो उस समय कांग्रेस साथ रही।कांग्रेस नेता पचौरी रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।**

उन्होंने कहा कि हम धर्म को अंगीकार करते हैं ना कि राजनीति में लाभ लेने का माध्यम बनाते हैं। रामसेतु के अस्तित्व पर भी सवाल कांग्रेस ने खड़ा नहीं किया था। बल्कि कोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा शपथ पत्र दिया था। उस शपथ में पत्र में सुधार तत्कालिन कांग्रेस सरकार और कानून मंत्री हंसराज भारद्धाज ने पत्रकार वार्ता में साफ किया था कि रामसेतु का अस्तित्व है। उसमें सुधार सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से लोग पीड़ित है। ऐसे में अब सरकार बदलना चाहते हैं। इस बार बहुमत मिलने पर भी क्या बीते दौर की तरह सरकार नहीं गिरेगी इस पर पचौरी ने कहा कि दूध का जला छांछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। कमल नाथ और दिग्विजय सिंह में मतभेद के सवालों को टालते हुए कहा कि यह भाजपा से पूछा जाना चाहिये कि नरेंद्रसिंह तोमर, शिवराजसिंह चौहान और कैलाश विजयवर्गीय में क्या आपस में सब ठीक है।

## लाड़ली बहना योजना की फेक न्यूज

# पटवारी ने की भाजपा आईटी सेल की निर्वाचन आयोग से शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश के चुनाव में लाड़ली बहना योजना की भी चर्चा है। भाजपा इस योजना को महिला वर्ग में भुना रही है, जबकि कांग्रेस इस योजना को लेकर कुछ भी कहने से बच रही है। इस योजना को लेकर राऊ विधानसभा में एक खबर अलग-अलग व्हाट्सएप नंबर और फेसबुक अकाउंट से वायरल हो गई। जिसमें लिखा था कि कांग्रेस सरकार बनाएगी तब लाडली बहन योजना को बंद कर दिया जाएगा।

इस खबर में बताया गया कि यह बयान राऊ के कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी ने दिया है। जबकि पटवारी का कहना है कि इस तरह की कोई भी बात अपनी किसी सभा या साक्षात्कार में उन्होंने नहीं कही। पटवारी ने




कहा कि यह फेक न्यूज है, जो भाजपा की आईटी सेल ने बनाकर वायरल की है। भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा और भाजपा आईटी सेल की शिकायत कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से की है।साथ ही इंदौर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी इलैयाराजा टी को भी इसके लिए पत्र लिखा गया है, पत्र में इस बात की जानकारी भी दी गई है कि अलग-अलग नंबरों से इस गलत खबर को फैलाया जा रहा था।

## कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह ने कहा-

# प्रदेश के नेतृत्व से मोदी और शाह का विश्वास उठ गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चुनाव प्रचार अभियान के सिलसिले में इंदौर आए कांग्रेस के महासचिव दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश के भाजपा नेतृत्व से मोदी और शाह का विश्वास उठ चुका है। वे इस तरह प्रचार कर रहे है जैसे खुद मुख्यमंत्री पद के दावेदार हो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के भाषणों मे हताशा और निराशा नजर आ रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस 2018 की तुलना में और शक्तिशाली होकर प्रदेश में सामने आएगी। आदिवासी सीटों पर हमारी स्थिति बेहतर है और आदिवासी समाज पूरी तरह कांग्रेस के साथ है,हालांकि बसपा और गोंणवाना गणतंत्र परिषद के उम्मीदवारों को भाजपा ने काफी सहयोग किया है। चुनावी दौर में वीरू और जय की एंट्री होने पर दिग्विजय बोले कि- चुनावी दौर में वीरू और जय की एंट्री होने पर दिग्विजय बोले कि- असली मुद्दे भ्रष्ट्राचार बेरोजागारी और महंगाई है। इन सब से भाजपा ध्यान भटका रही है,क्योकि वह जानती है कि प्रदेश में भ्रष्टचार और महंगाई चरम पर है। केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतारे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा कितनी घबराई हुई है। विजयवर्गीय द्वारा उन्हें अयोध्या में जाकर दर्शन देने की सलाह पर वे बोले कि राम मेरे मन में बसे है।

## मतदाता जागरूकता का अनूठा अभियान

# मध्यप्रदेश के नक्शे की विशाल रंगोली बनाकर उसे 5 हजार दीपों से सजाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। आगामी चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ द्वारा जिला प्रशासन इंदौर के साथ मिल कर मतदान हेतु जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रविवार को राजबाड़ा में एक अद्भुत अभियान आयोजित किया गया। जिसमे चार हजार वर्ग फिट की रांगोली के माध्यम से मध्यप्रदेश का नक्शा बनाया गया। जिसे 5 हजार दीपो से ब्लाइंड बच्चों और अन्य एनजीओ के कार्यकर्ताओं द्वारा सजाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलवाया गया। सभी उपस्थित नागरिकों ने मध्यप्रदेश के नक्शे के पास खड़े होकर मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम में रंगोली आर्टिस्ट वर्षा चौरसिया थी। इस दौरान श्री राजेश बेडेकर, श्री शशि सतपुते, श्री जगदीश जाधव, श्री जयेश जैन, श्री राहुल जैन, श्रीमती रूचि सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।



# चुनावी रण में 64 सीटों पर त्रिकोणीय, 7 पर चतुष्कोणीय मुकाबला

## 24 बागी और बसपा-गोंगपा गठबंधन के 31 उम्मीदवार बिगाड़ रहे समीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** विधानसभा के चुनावी रण में भाजपा-कांग्रेस को 71 सीटों पर त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय संघर्ष झेलना पड़ रहा है। 159 सीटें ही ऐसी हैं, जहां दोनों आमने-सामने हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सपा और बसपा-गोंगपा गठबंधन 41 सीटों पर जबकि निर्दलीय 24 सीटों पर कर रहे हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी (आप), जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) समेत दूसरे दल भी दोनों प्रमुख दलों का समीकरण बिगाड़ रहे हैं। पिछली बार 60 सीटों पर त्रिकोणीय और चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था।

नाम वापसी के बाद अब तस्वीर साफ हो गई है कि कहां-कौन बागी या तीसरे दल का प्रत्याशी मजबूती से मैदान में टक्कर दे रहा है। इस बार विधानसभा चुनाव में कोई लहर भी नहीं दिख रही है। ऐसे में हर एक सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जहां सीधी लड़ाई है, वहां साफ दिख रहा है कि किसका पलड़ा भारी है लेकिन जहां त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय संघर्ष है, वहां पेंच फंसा है।

### बहुकोणीय लड़ाई में चुनावी बाजी कैसे पलटती है

दमोह जिले की पथरिया विधानसभा सीट पर 2018 में बसपा की रामबाई ने जीत दर्ज की थी। भाजपा ये सीट महज 2205 वोटों के अंतर से हार गई थी। इस सीट पर चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था। भाजपा के बागी बृजेंद्र सिंह निर्दलीय चुनाव में उतरे थे।

### ये सीन बना था

**बीएसपी- रामबाई 39,267 वोट**
**बीजेपी- लाखन पटेल 37,062 वोट**
**निर्दलीय- बृजेंद्र सिंह 27,074 वोट**
**कांग्रेस- गौरव पटेल 25,438 वोट**

जबलपुर उत्तर विधानसभा सीट पर 2018 में तत्कालीन मंत्री रहे बीजेपी प्रत्याशी शरद जैन 578 वोटों के अंतर से हार गए थे। अरसे से बीजेपी के पास रही इस सीट पर तब कांग्रेस के विनय सक्सेना जीते थे। बीजेपी को अपने बागी धीरज पटेरिया के निर्दलीय चुनाव लडऩे का नुकसान हुआ था।

### ये सीन बना था

**कांग्रेस- विनय सक्सेना 50,045 वोट**
**बीजेपी- शरद जैन 49,467 वोट**
**निर्दलीय- पंडित धीरज पटेरिया 29,479 वोट**

### पिछली बार 30 सीटों पर कांटे की टक्कर थी

पिछले विधानसभा चुनाव में 30 सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। इन सीटों पर तीन हजार से कम वोटों के अंतर से जीत-हार हुई थी। 10 सीटों पर एक हजार से भी कम वोटों का गैप था। 8 सीटों पर दो हजार से कम का और 12 सीटों पर तीन हजार से कम वोटों का अंतर था। 15 सीटों पर कांग्रेस, 14 पर भाजपा और 1 सीट पर बसपा जीती थी।

इनके अलावा एक सीट मालवा-निमाड़ में जोबट भी है। इस तरह कुल 71 सीटें ऐसी हैं, जहां त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबला है।

### दिमनी : ठाकुर वोटरों के बंटवारे से मुकाबला रोचक

मुरैना जिले की इस सीट से दिग्गज भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मैदान में हैं। इस सीट पर ठाकुर मतदाताओं के बाद दूसरे नंबर पर ब्राह्मण वोटर हैं। बसपा ने अपने पूर्व विधायक एवं ब्राह्मण चेहरे बलवीर दंडौतिया को उतारा है। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक रविंद्र सिंह तोमर को उतारा है। यहां त्रिकोणीय लड़ाई है। ठाकुर वोटरों के बंटवारे से बसपा के बलवीर ने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

### भिंड -तीन प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर

भिंड सीट पर भाजपा ने पटवारी कांड से विवादों में आए संजीव सिंह कुशवाह को टिकट नहीं दिया। वे पिछली बार बसपा से जीतने के बाद हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा ने इस सीट पर सपा से आए नरेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने बीजेपी से आए राकेश सिंह को टिकट दिया है। टिकट नहीं मिलने पर संजीव फिर से बसपा से मैदान में हैं। इस सीट पर तीनों प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर है।

### मुरैना -इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

भाजपा ने यहां से सिंधिया समर्थक रघुराज सिंह कंसाना को टिकट दिया है। इससे नाराज होकर पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, बेटे राकेश सिंह के साथ बसपा में शामिल हो गए। बसपा से राकेश सिंह अब मैदान में हैं। कांग्रेस ने दिनेश गुर्जर को टिकट दिया है। इस सीट पर त्रिकोणीय लड़ाई है।

### गोटेगांव -प्रजापति ने त्रिकोणीय की लड़ाई

नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव सीट पर दिलचस्प मुकाबला है। यहां कांग्रेस से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति मैदान में हैं। भाजपा ने महेंद्र नागेश को टिकट दिया है। कांग्रेस ने पहले यहां पूर्व विधायक शेखर चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। टिकट बदले जाने के बाद शेखर बागी होकर निर्दलीय चुनाव में उतर चुके हैं। वे अब नागेश और प्रजापति की लड़ाई को त्रिकोणीय बना रहे हैं।

### सुमावली -तीनों कैंडिडेट में कड़ी टक्कर

मुरैना की सुमावली सीट पर कांग्रेस ने पहले कुलदीप सिंह सिकरवार को प्रत्याशी बनाया था। बाद में कांग्रेस ने टिकट बदलते हुए अजब सिंह कुशवाह को चेहरा बना दिया। टिकट कटने से नाराज कुलदीप उसी शाम बसपा प्रत्याशी के तौर पर मैदान में आ डटे। भाजपा ने यहां से एंदल सिंह कंसाना को टिकट दिया है। इस सीट पर तीनों प्रत्याशियों में कड़ा मुकाबला है।

### नागौद -ओबीसी फैक्टर कर रहा काम

टिकट नहीं मिलने पर आंसू बहाने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह के वीडियो आप ने देखे होंगे। यादवेंद्र अब बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने अपने मौजूदा विधायक नागेंद्र सिंह पर ही दांव लगाया है। कांग्रेस ने इस बार ओबीसी कार्ड खेलते हुए डॉ. रश्मि सिंह पटेल को टिकट दिया है। इस सीट पर सवर्ण बनाम ओबीसी फैक्टर काम कर रहा है।

### सीधी -ब्राह्मण वोटों में बंटवारे का फायदा कांग्रेस को

चुनाव से पहले सीधी के जिस पेशाब कांड ने बीजेपी को बैकफुट पर धकेल दिया था, उसी सीट पर इस बार उसे बगावत झेलनी पड़ रही है। भाजपा ने इस सीट से सांसद रीति पाठक को मैदान में उतारा है। इससे नाराज होकर विधायक केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय मैदान में उतर गए हैं। कांग्रेस ने ज्ञान सिंह को प्रत्याशी बनाया है। ब्राह्मण वोटों में बंटवारे का फायदा उठाने की जुगत में कांग्रेस लगी है।

### परसवाड़ा -कांग्रेस से मधु भगत मैदान में

बालाघाट की ये सीट पूर्व विधायक एवं सांसद रह चुके कंकर मुंजारे के चलते हॉट बनी हुई है। पिछली बार भी मुंजारे सपा के टिकट पर लड़ चुके हैं। तब वे दूसरे नंबर पर थे। इस बार वे गोंगपा प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं। भाजपा ने मंत्री रामकिशोर कांवरे पर फिर भरोसा जताया है, जबकि कांग्रेस से मधु भगत मैदान में हैं।

### निवास -गोंगपा ने त्रिकोणीय बनाया मुकाबला

भाजपा ने इस सीट पर केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है। कांग्रेस ने अपने मौजूदा विधायक अशोक मर्सकोले को मंडला भेजकर यहां से चैन सिंह वरकड़े को उतारा है। इस सीट पर आदिवासियों में लोकप्रिय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने देवेंद्र मरावी को टिकट दिया है। भाजपा-कांग्रेस की लड़ाई को गोंगपा के देवेंद्र ने त्रिकोणीय बना दिया है।

### सिंगरौली -यहां आम आदमी पार्टी से टक्कर

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान का पूरा जोर इसी एक सीट पर है। यहां से पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली मेयर रानी अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा से रामनिवास शाह तो कांग्रेस ने रेनु शाह को चेहरा बनाया है। यहां भी तीनों प्रत्याशियों में रोचक मुकाबला है।

### बुरहानपुर -पूर्व सांसद के बेटे निर्दलीय मैदान में

भाजपा ने इस बार भी यहां से अर्चना चिटनिस को प्रत्याशी बनाया है। इससे नाराज हर्षवर्धन नंदकुमार सिंह चौहान ने बगावत कर दी और निर्दलीय मैदान में आ डटे हैं। कांग्रेस ने निर्दलीय प्रत्याशी ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा को उतारा है, जबकि मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर ओवैसी की पार्टी ने नफीस मंसा को टिकट दिया है। इस सीट पर चतुष्कोणीय मुकाबला है।

# बदमाशों के गुर्गों में झड़प, फायरिंग

## समझौते के लिए हुए थे एकत्रित, हाथ-पैर की नसें काटने मारे 27 चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बदमाशों के दो गुटों में झड़प के बाद फायरिंग हो गई। इसके बाद जमकर चाकू चले। एक बदमाश के हाथ-पैर की नसों पर चाकू मारे गए। गंभीर हालात में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके शरीर पर 27 जख्म मिले हैं। घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। शहर के कुख्यात बदमाश पप्पू चटका, शाहरुख उर्फ डेविल और विक्की उर्फ वाहिद पीतल मंदिर के नजदीक पहुंचे थे। यहां उनका जेल में बंद जुबैर मौलाना के गुर्गे शाहिद से एक पुराने विवाद में समझौता होना था। वह भी 4 बाइकों से 8 साथियों के साथ पहुंचा था। दोनों पक्षों में बातचीत कुछ ही मिनट चली। इसके बाद बहस शुरू हुई। इस बीच शाहिद के गुर्गों को भगाने पप्पू चटका ने फायरिंग कर दी। 2 राउंड फायर होते ही शाहिद के 5 साथी भाग खड़े हुए। लेकिन, शाहिद और उसके एक साथी को दबोच लिया गया। फिर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। हाथ-पैर की नसें समेत शरीर पर 27 वार चाकू मारे गए। विक्की वाहिद ने दोनों को कार से कुचलने की कोशिश भी की। पुलिस के मुताबिक करीम बख्श कॉलोनी निवासी शाहिद का एक लड़की को लेकर शाहरुख उर्फ डेविल से पुरानी रंजिश है। दोनों में पहले भी कई बार झगड़े हो चुके हैं। शनिवार रात करीब 11 बजे उसी लड़की को लेकर राजीनामा होना था। इसी वजह से दोनों गैंग के गुर्गे पीतल मंदिर के नजदीक पहुंचे थे।

# महिलाओं से ज्यादा पुरुषों को काटते हैं डेंगू मच्छर?

## ◆भोपाल में 2023 में अब तक सामने आए 650 केस; सिर्फ 239 महिलाएं ही संक्रमित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी में डेंगू के संक्रमण में रफ्तार बढ़ गई है। साल 2023 में अब तक 650 से अधिक डेंगू पॉजिटिव हो चुके हैं। आंकड़ों के विश्लेषण में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। वह यह कि डेंगू के मच्छर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक काट रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसकी वजह बदलता लाइफ स्टाइल और पहनावा हो सकती है।

**इस साल 650 से ज्यादा मरीज पॉजिटिव-** इस साल अभी तक 650 से अधिक डेंगू मरीज सामने आ चुके हैं। इसमें 31 अक्टूबर 2023 के अनुसार अभी तक 298 पुरुष और 239 महिलाएं डेंगू पॉजिटिव आई हैं। बात करें बच्चों की तो इसमें कुल 1 से 15 साल की उम्र के बच्चों के कुल 105 मामले सामने आए हैं। जिसमें 62 मेल चाइल्ड और 43 फीमेल चाइल्ड पॉजिटिव आए हैं।

सितंबर में डेंगू के 170 नए मरीज मिले थे। अक्टूबर में आंकड़ा 280 से अधिक है। बढ़ते हुए डेंगू मामलों को लेकर जिला मलेरिया कार्यालय दफ्तर से संबद्ध कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई। ताकि डेंगू के हॉट स्पॉट एरिया में फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे और फॉगिंग बढ़ाकर बीमारी के बढ़ते संक्रमण को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

### 642 केस आए, 14 मरीज भर्ती: मलेरिया अधिकारी

जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे का कहना है कि वर्तमान में डेंगू की स्थित पूर्ण नियंत्रित है। बारिश के बाद सामान्य तौर पर बढ़ता है। इस समय 642 केस आए थे। अभी करीब 14 मरीज भर्ती हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को काटने की जब बात आती है। तो मैं यही कहूंगा कि यह मच्छर काट तो बराबर रहे हैं। मगर महिलाओं के पहनावे से बहुत फर्क पड़ता है। उनका पूरा शरीर ढका होता है। वहीं, युवा अधिकतर बरमुडा और हाफ कपड़े पहनना पसंद करते हैं। संभवतः इससे फर्क हो सकता है।

## Rajasthan

# राजस्थान के दौसा में भीषण हादसा, पुलिया की रेलिंग तोड़कर रेलवे ट्रैक पर गिरी बस, 4 की मौत

**दौसा, (एजेंसी)** राजस्थान के दौसा में भीषण हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. दुर्घटना में 24 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद डीएम सहित सभी आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. बताया जा रहा है कि हादसा नेशनल हाईवे-21 पर हुआ है. यहां एक सवारी बस पुलिया की रेलिंग तोड़ती हुई नीचे रेलवे ट्रैक पर जा गिरी, जिससे ट्रेनों का आवागमन भी बंद हो गया है.

दौसा के डीएम कमर चौधरी के मुताबिक रविवार की देर रात करीब सवा 2 बजे नेशनल हाईवे-21 पर भीषण सड़क हादसा हुआ. यहां हरिद्वार से जयपुर की तरफ जा रही एक सवारी बस अनियंत्रित होकर लोहे की रेलिंग तोड़ती हुई पुलिया से नीचे गिर गई. बस सीधे जयपुर दिल्ली रेल मार्ग के ट्रैक पर जा गिरी. पुलिया से बस रेलवे ट्रैक



पर गिरने की सूचना मिलने पर जिले में हड़कम्प मच गया और मौके के लिए पुलिस और एंबुलेंस की गाड़ियां दौड़ पड़ीं.

हादसे के कुछ देर बाद ही जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए. हादसे की सूचना जैसे ही रेलवे कंट्रोल रूम को मिली तो तत्काल जयपुर-दिल्ली रेलमार्ग की अप और डाउन ट्रेक पर ट्रेनों का संचालन बन्द कर दिया गया. मौके पर रेलवे के अफसर भी पहुंच गए.

जानकारी के मुताबिक हरिद्वार से जयपुर की तरफ जा रही यह सवारी बस रात करीब सवा दो बजे अनियंत्रित हुई. तेज रफ्तार बस लोहे की रेलिंग तोड़ती हुई डिवाइडर की जगह से होकर सीधे ट्रैक पर जा गिरी. हादसे के बाद बस हाईवे के दोनों लेन के बीच वाली जगह से होते हुए नीचे ट्रेक पर गिरकर पलट गई. घटना के बाद मौके पर पहुंचे कोतवाली, सदर, जीआरपी,आरपीएफ सहित कई थानों की पुलिस ने मृतकों के शवों और घायलों को बस से बाहर निकाला.

## Uttarpradesh

# कानपुर में प्रदूषण के लिए मेट्रो पर लगा जुर्माना, रेड जोन में पहुंचे शहर के कई इलाके; दमघोंटू हुई हवा

**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी के कानपुर शहर का प्रदूषण अब रेड अलर्ट के नजदीक पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(सीपीसीबी) के शहर में चार सेंटरों में से एक आईआईटी क्षेत्र का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) रेड जोन में पहुंच गया है। उधर, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मेट्रो के छह भूमिगत और एलीवेटेड स्टेशनों पर 52.50 लाख रुपये के जुर्माने की संस्तुति कर दी है। बोर्ड का मानना है कि मेट्रो के कामों की वजह से भी पिछले दो महीनों से कानपुर के वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बता दें कि किसी स्थान का एक्यूआई 300 के ऊपर प्रदूषण रेड जोन में आ जाता है। यहां शाम चार बजे एक्यूआई 365 पहुंच गया। धूल-धुएं के कणों (पीएम 2.5) की अधिकतम संख्या 404 माइक्रोन प्रति घनमीटर रही। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। इस स्थिति में लंबे समय तक रहने पर श्वसन संबंधी बीमारियां हो जाती है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली 454, ग्रेटर नोएडा 410, गुड़गांव 402 और नोएडा में 414 एक्यूआई रहा। इसका असर धीरे-धीरे कानपुर में बढ़ने लगा है।

## Punjab

# पंजाब के मोगा में भीषण हादसा, ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर, 5 युवकों की मौत

**मोगा, पंजाब, (एजेंसी) पंजाब के मोगा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां आज सुबह एक कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि इसमें पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.**

मोगा के कड़ाहेवाला गांव के पास आज सुबह करीब तीन बजे यह हादसा हुआ है. इस हादसे में वर्ना कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. हालांकि अबतक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने सभी शवों को मोगा के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतकों की पहचान में जुट गई है.

## Bihar

# मुजफ्फरपुर में एटीएम चोरों का आतंक, 20 दिन में ATM काटकर उड़ाए 52 लाख, खाली हाथ पुलिस

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर शहर के आउटर इलाकों में 20 दिनों के अंदर दूसरी बार एटीएम काटकर कैश की चोरी की गई है। सदर के मझौलिया और अहियापुर थाना के बाजार समिति के पास हुई घटनाओं में 52 लाख रुपये कैश की चोरी हुई है। अहियापुर में 34.71 लाख और सदर इलाके में 17.45 लाख रुपये पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। अलग-अलग जिलों में घूमकर एटीएम को गैस कटर से काटकर कैश चोरी करने वाले संगठित गिरोह पर आशंका जताई जा रही है, लेकिन इनका सुराग नहीं मिल पाया है। मुख्य सड़क किनारे एटीएम काटकर लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर जिले में पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि इस गिरोह का सुराग ढूंढने के लिए पड़ोसी जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। मिठनपुरा में बीते साल गैस कटर के साथ इस गिरोह से जुड़े पटना और सारण जिले के तीन शातिरों को पकड़ा गया था। जबकि मौके से दो शातिर फरार हो गए थे। गिरफ्तार शातिरों में पटना के मदन महतो उर्फ विजय महतो, जटू महतो उर्फ छोटू और सारण के उपेंद्र शर्मा को जेल भेजा गया था।

## खेल

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर वनडे में हासिल की सबसे बड़ी जीत, कोहली के शतक के बाद जडेजा ने बरपाया कहर

**कोलकाता, (एजेंसी)** भारतीय टीम का विजयी अभियान विश्व कप में जारी है। उसने रविवार (पांच नवंबर) को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को बुरी तरह हरा दिया। विश्व कप के 37वें मुकाबले में भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 243 रन से जीत हासिल की। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। भारत अब अपने आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड के खिलाफ 12 नवंबर को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उतरेगा।



भारत ने 243 रन से मैच को जीतकर बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पिछली बार अफ्रीकी टीम को 2003 में 153 रन से हराया था। इसके अलावा 2010 में ग्वालियर के मैदान पर भी 153 रन से ही हराया था।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 326 रन बनाए। भारत के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 101 रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने वनडे में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने 77 और कप्तान रोहित ने 40 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्करम को छोड़ सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया।

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी। सबसे ज्यादा 14 रन मार्को यानसेन ने बनाए। उनके अलावा डुसेन ने 13 रन और बावुमा-मिलर ने 11-11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

यह मैच विराट कोहली के शानदार शतक और रवींद्र जडेजा की कातिलाना गेंदबाजी के लिए याद किया जाएगा। इस जीत में पूरी टीम का योगदान अहम है, लेकिन इनदोनों ने अपना अलग प्रभाव छोड़ा। कोहली ने मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हुए विकेट को संभाले रखा। जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो भारत का स्कोर 5.5 ओवर में एक विकेट पर 62 रन था। 11वें ओवर में शुभमन गिल भी आउट हो गए। दो विकेट गिरने के बाद विराट को श्रेयस अय्यर का साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। अय्यर 77 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनरों की मददगार पिच पर अगर कोहली बीच में आउट हो जाते तो टीम इंडिया मुश्किलों में फंस जाती। कोहली के विकेट पर होने से सूर्यकुमार यादव और रवींद्र जडेजा को तेजी रन बनाने की छूट मिली। विराट को टीम मैनेजमेंट ने कह दिया था कि उन्हें टिककर खेलना है। कोहली ने वैसा ही किया। उन्होंने सूर्यकुमार के साथ 36 और रवींद्र जडेजा के साथ 41 रन की साझेदारी की। कोहली अंत 101 रन बनाकर नाबाद रहे। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 29, शुभमन गिल ने 23 और सूर्यकुमार यादव ने 22 रन बनाए।

## सिनेमा

# एल्विश की मुश्किलें बढ़ीं, राहुल ने मानी नोएडा-छतरपुर में रेव पार्टी की बात, ऑडियो क्लिप में सांपों के लिए मोलभाव



बिग बॉस ओटीटी 2 विनर और फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव इन दिनों मुश्किलों में हैं. उन पर रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने को लेकर FIR दर्ज कराई गई है. हालांकि एल्विश इन आरोपों से साफ इनकार कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी मुश्किलें और भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं. दो ऐसे ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जहां रेव पार्टी एजेंट राहुल यादव किसी से फोन पर बात कर रहा है. वो ऑडियो में जिस शख्स से बात कर रहा है, उस बातचीत में सांप के जहर, रेव पार्टी और एल्विश यादव का जिक्र बार बार किया जा रहा है. दरअसल, मेनका गांधी की एनजीओ पीपल्स फॉर एनिमल्स (PFA) ने सांपों की तस्करी करने वालों पर जाल बिछाया था. कई दिनों से राहुल यादव नाम के एक शख्स से पीएफए की टीम बातचीत कर रही थी. इसी बातचीत में पीएफए की टीम को सांप और सांप के जहर की तस्करी का सबूत मिला था. इस स्टिंग ऑपरेशन के दौरान राहुल ने कई बार एल्विश यादव की पार्टियों में जहर का इस्तेमाल होने का जिक्र किया. पीएफए मेंबर ने जब एल्विश यादव की पार्टी का जिक्र किया तो राहुल ने कहा- वो प्रोग्राम तो मैंने किया था, लेकिन मैं बंदों को छोड़कर वापस आ गया था. वहां पर विदेशी ही थे सारे, वो किसी विदेशी की बर्थ डे पार्टी थी.

## संपादकीय

# खतरे की आहट

हाल ही में नेपाल में आए भूकंप का असर भारत में भी देखा गया। नेपाल में भूकंप ने भारी तबाही मचाई और कई लोगों की जान ले ली। यह भविष्य के खतरे की आहट भ्री है, क्यों भूिकम्प एक ऐसी आपदा है, जिसके आने के वक्त के बारे में कोई पक्की और तात्कालिक सूचना हासिल करने या अनुमान लगा पाने की कोई तकनीक विकसित नहीं हो सकी है। ज्यादा तीव्रता वाला भूकम्प आने के बाद यह राहत के स्वरूप पर निर्भर करता है कि कितने लोगों की जान बचाई जा सकी। इससे पहले सिर्फ यही रास्ता बचता है कि इंसान अपनी रिहाइश के ऐसे तौर-तरीके और बचाव के इंतजाम विकसित करे, जिसमें बड़े भूकम्प में भी ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बच सके। प्राकृतिक उथल-पुथल के रूप में कोई आपदा तबाही का कारण बनती है, तो वह कई बार आने वाले उससे बड़े खतरे का आहट होती है। शुक्रवार को नेपाल से लेकर उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में आए भूकम्प का दायरा जितना बड़ा था और जितनी अवधि के लिए दर्ज किया गया, उसे एक तरह से समय रहते खतरे से बचाव का इंतजाम करने की चेतावनी माना जाना चाहिए। हालांकि इससे जानमाल का नुकसान मुख्य रूप से नेपाल में सीमित रहा और वहां डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों की जान जाने की खबर आई, लेकिन इस बार धरती हिलने की जैसी प्रकृति देखी गई, उससे भविष्य को लेकर कई तरह की आशंकाएं पैदा हुई हैं। गौरतलब है कि 6.4 तीव्रता वाले इस भूकम्प का केंद्र काठमांडो से तीन सौ इकतीस किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दस किलोमीटर जमीन के नीचे था। नेपाल में इसका असर सबसे ज्यादा देखा गया, लेकिन भारत में भी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार जैसे राज्यों में देखा गया, जहां काफी देर तक लोगों ने धरती का हिलना महसूस किया। पिछले कुछ समय से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार भूकम्प से तबाही के मामले सामने आ रहे हैं, उससे यह आशंका उभरती है कि कहीं धरती के भीतर कोई व्यापक उथल-पुथल तो नहीं हो रही है। शुक्रवार को आए भूकम्प को नेपाल में इससे पहले 2015 में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद सबसे घातक और खतरनाक माना जा रहा है। गौरतलब है कि 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में 7.8 तीव्रता का जबरदस्त भूकम्प आया था, जिसमें जानमाल की व्यापक हानि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, इसमें करीब दस हजार लोगों की मौत हो गई, दस लाख घरों को नुकसान पहुंचा और करीब अ_ईस लाख लोग विस्थापित हुए थे। यों नेपाल में पिछले तीन सालों में 5.5 तीव्रता वाले भूकम्प पांच बार आ चुके हैं। भारत के भी कई राज्यों में पिछले कुछ समय से जिस तरह कम या ज्यादा तीव्रता वाले भूकम्प आ रहे हैं, उसे एक तरह से बचाव के इंतजामों को लेकर सचेत रहने की चेतावनी माना जाना चाहिए।

**Quote...**

“ सोच से विचार
विचार से व्यवहार
और व्यवहार से
किरदार बना करते हैं... ”



सत्य-प्रेम-करुणा...

**वो 'सत्य', 'प्रेम' और 'करूणा' ही हैं जिससे संसार के सारे 'द्वेष' को मिटाया जा सकता है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# भारत की इन जगहों पर आपको मिलेगी चैन की सांस, एक बार करें घूमने की प्लानिंग

**दिल्ली समेत कई शहरों में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। एक्यूआई लेवल रेड जोन में पहुंच गया है। प्रदूषित हवा के चलते लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, गले में खराश जैसी समस्याएं हो रही हैं। लोग इस दम घोंटू हवा से दूर जाना चाहते हैं। अगर आप भी कुछ दिन चैन की सांस लेना चाहते हैं और फ्रेश एयर में सांस लेना चाहते हैं यहां बताई जगहों पर जा सकते हैं। इन जगहों पर प्रदूषण ना के बराबर रहता है।**



### किन्नौर

अगर आप भीड़-भाड़ से दूर जाना चाहती हैं, तो किन्नौर घूमने के लिए जा सकते हैं। यह सेब के बागानों के लिए जाना जाता है। यहां अपनी छुट्टियों का भरपूर मजा ले सकती हैं। दूसरे शहरों के मुताबिक यहां प्रदूषण ना के बराबर होगा।




### गंगटोक

गंगटोक सिक्किम राज्य का सबसे बड़ा शहर है। ये प्राकृतिक और बादलों से घिरी हुई ऐसी जगह है, जो आने वाले हर पर्यटक को तरो ताजा कर सकती है। गंगटोक में घूमने के लिए काफी सारी जगह है। प्रदूषण से बचने और यहां की खूबसूरती को देखने के लिए आप गंगटोक आ सकते हैं।



### कोल्लम

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट से करीबन 80 किमी दूर कोल्लम शहर बेहद खूबसूरत है। कोल्लम में कई ऐसी जगह हैं जो देखने लायक हैं। बोरिंग लाइफ से कुछ समय के लिए छुटकारा पाना चाहते हैं, तो कोल्लम आपके लिए परफेक्ट प्लेस है।



### मल्लपुरम

प्राकृतिक सुंदरता से घिरा यह खूबसूरत जिला ट्रेवलिंग के लिए बेहद ही अच्छी डेस्टिनेशन है। केरल के मलप्पुरम को घूमने की लिस्ट में जरूर शामिल करें।

## Highlights

- **Chhattisgarh govt never asked to shut down Mahadev app: MoS IT**
- **India sends medicines, relief materials to earthquake-hit Nepal**
- **Man claimed to be Mahadev app owner, even ED didn't know: Baghel**
- **Murdered woman K'taka officer raided few spots recently: Colleague**
- **Rajasthan BJP expels Dayma over his remarks on gurudwaras & mosques**
- **Haryana CM Khattar seen riding state-run bus, talking to people**

# What Diwali bonus is your company giving? This Pharma firm gifts cars to employees

**NEW DEIHI, (Agency).** In a show of gratitude towards its employees, a pharmaceutical company based in Haryana has announced to gift cars as part of their pre-Diwali celebrations.

Mits Healthcare owner and director MK Bhatia told ANI, “It is because of the hard work of these employees that they have reached this position today. All of them have been working for this company for years now."

He said that the cars are tokens of gratitude for their hard work, integrity, and loyalty. So far, 12 "star" employees have received cars, and an additional 38 will be rewarded in the near future.

The employees are affectionately referred to as stars and celebrities in acknowledgement of their hard work, dedication, and commitment to the company.



Bhatia explained the unique concept behind referring to employees as stars, saying, "Some time ago when our team was growing, I told my employees that they were no less than stars. We made rapid growth thereafter. We wanted to make them feel like celebrities. Everyone is a celebrity in my company."

Interestingly, it was noted that some of the employees who received cars don't know how to drive.

The generous gesture was met with immense joy, and employees expressed their happiness and appreciation.

Shilpa, one of the employees who received a car, shared her feelings, "I have completed eight years here... I am very happy... When I joined eight years ago, he used to say that he wanted to gift cars to his team...That dream was fulfilled today...."

Mits Healthcare specialises in the manufacture of a wide range of products, including general, critical care, orthopaedics, gynecology, dermatology, cosmeceuticals, and cardio diabetic-related items.

# Air India leases seven floors in Gurugram business hub at ₹24 Cr annual rent

**NEW DEIHI, (Agency).** The Air India Ltd has signed an agreement to commercially lease seven floors spread across 1.80 lakh sq ft in Vatika One on One in Gurugram Sector 16 for five years at an annual rent of ₹24.05 crore.

Vatika One on One is an office complex located on National Highway 48 on a 12-acre campus comprising six independent towers facing a piazza. The complex offers a



signal free connectivity from the Indira Gandhi International airport, six kms away. The lease deed between Vatika One on One Pvt Ltd and Air India Ltd was registered in September. The airline, acquired by the Tata group in January 2022, will lease 1,80,750 sq ft of office space from ground floor to sixth floor in Block 5 of Vatika One on One for a monthly rent of ₹1.89 crore, according to registration documents accessed and shared by Propstack.com. The airline, which is rapidly expanding after privatisation, paid an Interest Free Refundable Security Deposit of ₹11.34 crore as part of the deal, which allows the lessor 180 car parking space and 18 additional parking spaces in Block 5, according to the documents. The lease commenced from September 29, 2023 and the lease rent will start six months from the commencement date. The lessor has been given a rent-free fit out period till the commencement of rent in March 2024. The annual rent will see a 15% escalation after three years as per a clause in the agreement, according to the document.

# सड़क हादसा : युवक युवती की मौत

◆ ट्रक ने मारी टक्कर, फिर अनियंत्रित होकर पलटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले राऊ-खलघाट फोरलेन पर रविवार शाम करीब चार बजे सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक युवक और युवती की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यहां बाइक पर सवार हो कर जा रहे युवक-युवती को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक असंतुलित होकर पलटी खा गया, इस कारण ट्रक चालक भी घायल हुआ है।**



किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि टी गांव फाटा सिमचा आइलैंड के पास हादसा हुआ है। हादसे में भेसलाय के रहने वाले कार्तिक (19) और शिवानी की मौके पर मौत हो गई। शिवानी सागर की रहने वाली है। अभी वह ग्राम भेसलाय में ही रह रही थी। दोनों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल महू भेजा। साथ ही इनके परिजनों की भी जानकारी निकाली जा रही है।

# जिलाबदर पर अब रासुका

## नाम बदल-बदल कर रह रहा था शहर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मल्हारगंज पुलिस ने कु यात बदमाश नेपाली उर्फ छगन को रासुका के तहत जेल भेजा है। उसे कुछ समय पहले जिला बदर किया गया था। बावजूद उसके वह इलाके में ही घूम रहा था। मल्हारगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टाटा स्टील चौराहा पर मंदिर के पास से कु यात बदमाश नेपाली उर्फ अर्जुन उर्फ छगन और कालू उर्फ सतीश को पकड़ा गया। आरोपी जिलाबदर होने के बाद भी नाम बदल-बदलककर शहर के कई इलाकों में रह रहा था। उस पर जिलाबदर की कार्रवाई के बाद भी उसने शहर नहीं छोड़ा था। आरोपी के खिलाफ पहले से ही एक दर्जन अपराध दर्ज हैं। जिलाबदर होने के बाद भी शहर में रहने वाले इस कु यात गुंडे पर रासुका की कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# ऑटो ड्रायवर को चाकू मारे

◆ बदमाशों ने मोबाइल पर कॉल कर घर से बुलाया, फिर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर परिसर के बाहर एक ऑटो चालक को रविवार देर रात तीन से ज्यादा बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे कॉल कर मिलने बुलाया। इसी दौरान वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घायल का अस्पताल का उपचार चल रहा है। इधर पुलिस हमला करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है।**

रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक देवदत्त (22) पुत्र कालूराम बडोने निवासी मोती तबेला को उसके परिजन रविवार रात करीब 1 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। देवदत्त के मुताबिक उस पर दीपक, यश, साजिद बिहारी और एक अन्य ने चाकू से हमला कर दिया। देवदत्त ने बताया कि वह घर पर बैठा था। इस दौरान दीपक ने कॉल कर उसे मिलने बुलाया। जब मैं कलेक्टर ऑफिस के बाहर पहुंचा तो मुझसे विवाद करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। दोनों ने पेट, कमर, जांघ और पसली पर वार किये। देवदत्त इस दौरान नीचे गिर गया। आरोपी उसे मौके पर छोडक़र फरार हो गए। बाद में उसने अपने परिवार को कॉल कर जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों और देवदत्त के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है।

# युवक को बंधक बनाकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक को तीन लोगों ने कहा कि तुम अपनी गाड़ी से हमें सुपर कारीडोर पर छोड़ देना। युवक ने कहा कि मैं तु हें नहीं छोडूंगा मुझे काम करना है। इस बात से आरोपी इतने नाराज हुए कि युवक को रातभर बंधक बनाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर डाली। पीडित जैसे-तैसे कैद से छूटकर पुलिस के पास पहुंचा। एरोड्रम पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घायल युवक का नाम सुनील उर्फ राम लखन है। उसके पास विजय उर्फ लाला निवासी सुविधी नगर और उसके दो साथी पहुंचे। सुनील से कहा कि तुम अपनी गाड़ी से हमें सुपर कारीडोर पर छोड़ देना। सुनील ने कहा कि मैं काम कर रहा हूं तु हें नहीं छोड़ सकता। इसके बाद तीनों ने उसे बंधक बनाकर रातभर मारपीट कर डाली। घायल युवक सुनील ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी विजय के घर पर ही काम कर रहा था। इसी दौरान इन लोगों ने ये हरकत कर डाली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बच्चियों को बैड टच करता था दुकानदार

## शिकायत पर दुकानदार पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नाबालिग बच्चियों से गलत हरकत करने के मामले में पुलिस ने एक दुकानदार को पकड़ा है। रविवार रात उसके खिलाफ दो परिवार के लोग थाने पहुंचे। परिवार ने उसकी हरकत के बारे में पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

खजराना पुलिस के मुताबिक दो बच्चियों के परिवार के लोग रविवार को थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि इलाके की किराना की दुकान चलाने वाला रवीन्द्र पुत्र भगतसिंह सरदार उनकी बच्चियों से छेड़छाड़ करता है। वह बच्चियों को दुकान में बुलाकर उनके साथ गलत हरकत करके उन्हें टॉफी या अन्य चीजों का लालच देता है। इस मामले में पुलिस ने रघुबीर को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ बच्चियों के साथ हरकत करने के मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य मामलो में केस दर्ज किया गया है।

### बच्चियों ने बताई परिवार को हरकत

बताया जाता है कि बच्चियां यहां सामान लेने जाती थी तो रवीन्द्र उनके साथ अंदर बुला लेता। इसके बाद उन्हें अश्लील वीडियो दिखाता और उन्हें बेड टच करता। आरोपी ने पहले 13 साल की लडक़ी के साथ अश्लील हरकत की। इसके बाद उसने 10 साल की बच्ची के साथ भी अश्लील हरकत की। दोनों को रवीन्द्र सिंह सरदार ने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी रवीन्द्र की हरकत के चलते 13 साल की बच्ची ने दुकान पर जाना बंद कर दिया। आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओं में भी पुलिस ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने इलाके की दो और बच्चियों के साथ भी इसी तरह की हरकत की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# साइबर क्राइम से बचने का हथियार है सतर्कता

## स्कूल में छात्राओं की लगी साइबर क्लास, दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। सायबर अवेयरनेस के तहत जामिया आयशा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने कार्यशाला में करीब 250 छात्राओं को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड, ओटीपी फ्राड,फर्जी लिंक भेज कर किए जाने वाले फ्राड, ओएलएक्स या ई.कॉमर्स वेबसाइट द्वारा किए जाने वाले फ्राड, सेक्सटॉर्शन और सोशल मिडिया द्वारा की जाने वाली साइबर बुलिंग,फिशिंग आदि साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्चुअल वल्र्ड के इन साइबर अपराधियों के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा सॉफ्ट टारगेट्स होते हैं। चूंकि आप सभी ऑनलाइन पढ़ाई के साथ-साथ सोशल मीडिया आदि का भी उपयोग करते हैं। अतः साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ सोशल मिडिया और ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें तथा अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें।

# आपस में भिड़े बीजेपी कार्यकर्ता

## एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर 1 में भाजपा की सभा में कैलाश विजयवर्गीय के पहुंचने से पहले कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान दो ग्रुप बन गए और एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिए। मौके पर तैनात पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइस दी इसके बाद पांच मिनट में विवाद खत्म हो गया। बताया जा रहा है कि कैलाश विजयवर्गीय सभा में आधे घंटे बाद पहुंचे और सभा को संबोधित किया। विवाद का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। कहा जा रहा है कि जो कार्यकर्ता आपस में भिड़े थे वह शराब के नशे में थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।